प्रादेशिक समाचार
दिनांक–09.05.2024 (दोपहर–1455 बजे)

भारतीय जनता पार्टी के वरीय नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड के चतरा में आगामी 11 मई को चुनावी सभा करेंगे। उनकी चुनावी जनसभा को लेकर सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए जा रहे हैं। चतरा जिले के सिमरिया अनुमंडल के मुरवे में आयोजित होने वाली जनसभा को लेकर आज वायुसेना के हेलीकॉप्टर से एसपीजी सुरक्षाकर्मियों ने सभास्थल के आसपास के क्षेत्र का मुआयना किया। प्रधानमंत्री की जनसभा के दौरान सुरक्षा में कोई चूक न हो, इसको लेकर पूरी तैयारी की जा रही है।

****

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि झारखंड का विकास केंद्र सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में केंद्र सरकार ने रेलवे के सेक्टर में झारखंड को रिकॉर्ड सात हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि का आवंटन किया है। वित्त मंत्री आज रांची में आयोजित पूर्वी भारत विकसित भारत के लिए विकास इंजन कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। केंद्रीय वित्तमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में झारखंड में रेलवे का शत–प्रतिशत विद्युतीकरण किया गया है। अमृत भारत योजना के तहत झारखंड के 57 रेलवे स्टेशनों को पुनर्विकसित किया जा रहा है। झारखंड को अब तक तीन बंदे भारत ट्रेन की सौगात मिली है। इस मौके पर भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और उद्योग तथा व्यापार जगत से जुड़े कई प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

****

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने आज कोडरमा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने डोमचांच और कोडरमा प्रखंड के कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर वहां चुनाव के दौरान उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं का जायजा लिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने केंद्रों के बीएलओ के साथ बैठक की और स्थानीय मतदाताओं से भी रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने मौजूद मतदाताओं से नैतिक मतदान की अपील करते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों को लोकतंत्र के महापर्व में भागीदार बनाने की अपील भी की। इस दौरान उनके साथ उपायुक्त मेघा भारद्वाज और एसडीओ रिया सिंह मौजूद थे।

****

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल झारखंड के दौरे पर रहेंगे। कल वे खूंटी, लोहरदगा और सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी, सिंहभूम से भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा , पश्चिमी सिंहभूम के भाजपा जिला अध्यक्ष संजू पांडेय और सरायकेला–खरसावां के जिला अध्यक्ष उदय सिंहदेव मौजूद रहेंगे।

****

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर मतदान कार्यों में प्रतिनियुक्त कर्मी तथा आवश्यक सेवा के कर्मियों के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। धनबाद की जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा के अनुसार, 9 एवं 10 मई को निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय एवं पुलिस लाइन में सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू लोकसभा क्षेत्र, 13 और 14 मई को चतरा, कोडरमा, हजारीबाग तथा 27 और 28 मई 2024 को राजमहल, दुमका तथा गोड्डा के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान किया जा सकेगा। वहीं 14, 15, 16, 17 एवं 18 मई को गिरिडीह, धनबाद, रांची तथा जमशेदपुर के चुनावी कार्य में लगे कर्मी मतदान करेंगे।

****

मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर बोकारो जिला प्रशासन द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

****

धनबाद जिले के अलग–अलग स्थानों पर बारिश के साथ हुए वज्रपात के कारण दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो महिलाएं घायल हैं। संवाददाता के अनुसार जिले के पुटकी थाना क्षेत्र के लोयाबाद कोक प्लांट, ऊपर धौड़ा निवासी तीन महिलाएं आज वज्रपात की चपेट में आ गईं, जिसमें से एक की मौत हो गई और दो घायल हैं। घायलों को इलाज के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दूसरी घटना में कल रात घर की छत पर सो रहे कालूबथान ओपी क्षेत्र के छगलिया गांव निवासी एक युवक की वज्रपात के कारण मौत हो गई।

******समाप्त**********